भर्ती हेतु सूचना

परामर्शदाता – मानव संसाधन (एच आर)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता – मानव संसाधन (एच आर)की भर्ती करने का इच्छुक है।

भूमिकाएं और दायित्वः

- एनएचएसआरसी कार्यालय में सभी मानव संसाधन कार्यों के प्रबंधन में मानव संसाधन प्रबंधक की सहायता करना और इसके शाखा कार्यालयों की सभी मानव संसाधन गतिविधियों की देखरेख करनां।
- आवश्यकतानुसार, भर्ती हेतु सूचना/ पदों के लिए विज्ञापन/निविदा दस्तावेज/ एसओपी/ एचआर नीतियां तैयार करना।
- एनएचएसआरसी, आरआरसी–एनई और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए परामर्शदाताओं की भर्ती संबंधी कार्य करना।
- वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन कार्य में मानव संसाधन प्रबंधक की सहायता करना।
- स्वचालित उपस्थिति प्रणाली/ एचआरएमआईएस सॉफ्टवेयर पर कार्य करना और आवश्यकतानुसार रिपोर्ट तैयार करना।
- विभिन्न संस्थानों/प्रशिक्षकों की पहचान करना और एनएचएसआरसी और आरआरसी–एनई कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।
- एमआईएस/ट्रैकर्स/डेटाबेस/डैश बोर्ड का प्रबंधन करना।
- आवश्यकतानुसार फॉर्म और प्रारूप तैयार करना।
- संदर्भ जांच करना, प्रस्ताव पत्र और अनुबंध तैयार करना, परामर्शदाताओं को नियुक्त करना।
- मानव संसाधन प्रबंधक, प्रधान प्रशासनिक अधिकारी या कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यताः

- भर्ती प्रक्रिया और अन्य मानव संसाधन संबंधी कार्यों में योग्यता उपरांत न्यूनतम 04 वर्षों के कार्य अनुभव सहित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एचआर में एमबीए/स्नातकोत्तर डिप्लोमा (2 वर्ष)।
- सरकारी/सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव वांछनीय है।
- मानव संसाधन प्रबंधन में सरकारी भर्ती, प्रलेखन, दाखिल और पत्राचार प्रक्रिया का ज्ञान और अनुभव बेहतर होगा।
- स्वचालित उपस्थिति प्रणाली/किसी एचआर एमआईएस सॉफ्टवेयर पर कार्य करने का ज्ञान।
- एमएस ऑफिस–वर्ड/पावरपॉइंट में कंप्यूटर प्रवीणता और उन्नत एक्सेल कौशल।
- उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
- दबाव में एक साथ कई कार्य संपन्न करने की क्षमता और टीम में कार्य करने वाला होना चाहिए।
- एचआर के क्षेत्र में अधिक सुसंगत अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम40 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)।

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने का इच्छुक

संविदा की अवधिः 3 महने के परीवीक्षा काल सहित एक वर्ष

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 44,000/– रु. से 99,000/– रु. के बीच

**योग्यता एवं अनुभव के आधार पर पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।*

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 16 अक्टूबर, 2019 तक nhsrc.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। कसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।